email ID : ee_cd_kaushambi@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
मंझनपुर, कौशाम्बी– 212207

डाउनलोड जल सारथी ऐप

पत्रांक : 5661 / एम–8 / 94 दिनांक : 07/9/26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
कौशाम्बी।

विषय– समाचार पत्र दैनिक जागरण "179 किमी तक ऊबड़–खाबड़ गॉव के रास्तों पर चलना दूभर" की निस्तारण आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र दैनिक जागरण **"179 किमी तक ऊबड़–खाबड़ गॉव के रास्तों पर चलना दूभर"** के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि जनपद कौशाम्बी में जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 626 नग राजस्व ग्राम हेतु 275 नग पेयजल योजनाएँ स्वीकृत है। जिसके सापेक्ष समस्त पेयजल योजनाओं में सम्मिलित राजस्व ग्रामों में कार्य प्रारम्भ किये जा चुका है। योजनान्तर्गत कुल 358 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 354 नग ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य पूर्ण करते हुये 348 नग ट्यूबवेल पूर्णतः विकसित कर दिया गया है। 311 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 285 नग उच्च जलाशय का पूर्ण किये जा चुके है, शेष 26 नग उच्च जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पाइप लाइन बिछाने के कुल लक्ष्य 4124 सापेक्ष 3811 किमी0 पाइप लाइन बिछायी जा चुकी है। साथ ही साथ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी कुल 1677 किमी0 सड़के/गलियों के सापेक्ष 1583 किमी सड़के/गलियों को पुर्नस्थापित करा दिया गया है, शेष सड़कों/गलियों को आवगमन हेतु मोटरेबुल करा दिया गया है, जिसे पाइप लाइन टेस्टिंग के उपरान्त पूर्व की भॉति स्थायी रूप से पुर्नस्थापित/मरम्मत करा दिया जायेगा। गृह संयोजन हेतु कुल लक्ष्य 214555 के सापेक्ष 208100 नग हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किये जा चुके है। साथ ही साथ 218 पेयजल योजनाओं में सम्मिलित 421 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति भी प्रारम्भ कर दिया गया है। स्वीकृत 275 नग पेयजल योजनाओं मे से 243 नग पेयजल योजना के निर्माण कार्य शत्–प्रतिशत पूर्ण कराते हुये 131 नग योजना का संचालन एवं अनुरक्षण कार्य भी प्रारम्भ करा दिया गया है तथा 112 नग पेयजल योजनाओं में टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य प्रगति पर है जिसे आगामी 05 माह में एवं निर्माणाधीन शेष 32 नग पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य को आगामी 06 माह मे भौतिक कार्य शत्–प्रतिशत पूर्ण कराकर समस्त घरो में पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जायेगी।

इसी प्रकार विकास खण्ड– सिराथू में जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 111 नग राजस्व ग्राम हेतु 58 नग पेयजल योजनाएँ स्वीकृत है। जिसके सापेक्ष समस्त पेयजल योजनाओं में सम्मिलित राजस्व ग्रामों में कार्य प्रारम्भ किये जा चुका है। योजनान्तर्गत कुल 63 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 63 नग ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य पूर्ण करते हुये 63 नग ट्यूबवेल पूर्णतः विकसित कर दिया गया है। 63 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 58 नग उच्च जलाशय का पूर्ण किये जा चुके है, शेष 05 नग उच्च जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पाइप लाइन बिछाने के कुल लक्ष्य 733 सापेक्ष 690 किमी0 पाइप लाइन बिछायी जा चुकी है। साथ ही साथ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी कुल 350.88 किमी0 सड़के/गलियों के सापेक्ष 298.50 किमी सड़के/गलियों को पुर्नस्थापित करा दिया गया है, शेष 52.38 किमी0 सड़कों/गलियों को आवगमन हेतु मोटरेबुल करा दिया गया है, जिसे पाइप लाइन टेस्टिंग के उपरान्त पूर्व की भॉति स्थायी रूप से पुर्नस्थापित/मरम्मत करा दिया जायेगा। गृह संयोजन हेतु कुल लक्ष्य 41295 के सापेक्ष 39858 नग हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किये जा चुके है। साथ ही साथ 51 पेयजल योजनाओं में सम्मिलित 89 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति भी प्रारम्भ कर दिया गया है। स्वीकृत 58 नग पेयजल योजनाओं मे से 51 नग पेयजल योजना के निर्माण कार्य शत्–प्रतिशत पूर्ण कराते हुये 29 नग योजना का संचालन एवं अनुरक्षण कार्य भी प्रारम्भ करा दिया गया है तथा 22 नग पेयजल योजनाओं में टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य प्रगति पर है जिसे आगामी 02 माह में एवं निर्माणाधीन शेष 07 नग पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य को मार्च–2027 तक शत्–प्रतिशत पूर्ण कराकर समस्त घरो में पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जायेगी।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

CamScanner

email ID : ee_co_kaushambi@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
मंझनपुर, कौशाम्बी– 212207

डाउनलोड जल सारथी ऐप

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

- मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
- मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
- मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।
- जिला सूचना अधिकारी, कौशाम्बी।

अधिशासी अभियन्ता

CamScanner


Latitude: 25.623809
Longitude: 81.30719
Elevation: 119.97 ± 6.86m
Accuracy: 6.454m
Time: 2026-09-07 15:15
Note: Rampur Dhamawa
Powered by NoteCam


Latitude: 25.609604
Longitude: 81.316653
Elevation: 118.15 ± 27.0
Accuracy: 5.481
Time: 2026-09-07 14:36
Note: Rampur Dhamawa
Powered by NoteCam